डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा 'प्रवासी मंच' कार्यक्रम में कल्पना सिंह – चिटनिस का काव्य–पाठ संपन्न

नई दिल्ली। 3 जनवरी 2019। साहित्य अकादेमी द्वारा आज प्रवासी मंच कार्यक्रम के अंतर्गत अमेरिका में बसी भारतीय – अमेरिकी कवयित्री फिल्म निर्माता और अभिनेत्री कल्पना सिंह 'चिटनिस' के काव्य–पाठ का आयोजन किया गया। उन्होंने हिंदी एवं अंग्रेजी में अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं। हिंदी की कविताओं में उन्होंने जम्मू–कश्मीर में प्रवास के दौरान लिखी हुई कविताएँ, अपने घरेलू नौकर सीताराम पर लिखी एक मार्मिक कविता 'रामायण' तथा 'मरने से पहले', 'लावा', 'मातृभाषा' एवं 'प्रगति' आदि शीर्षक से कविताएँ प्रस्तुत कीं।

हाल ही में प्रकाशित अपने कविता–संग्रह *बेर सोल* से भी उन्होंने कई अंग्रेजी कविताएँ सुनाई। इस कविता–संग्रह को 2017 के लिए लेबनान के नाज़ी नामन लिटरेरी पुरस्कार प्रदान किया गया है। कविता–पाठ के बाद उपस्थित श्रोताओं ने उनकी रचनात्मक यात्रा को लेकर बहुत से प्रश्न भी पूछे। ज्ञात हो कि कल्पना सिंह 'चिटनिस' की कविताओं के अनुवाद कई भाषाओं में हो चुके हैं और आपकी कविताएँ कई महत्त्वपूर्ण देशी और विदेशी साहित्यिक पत्रिकाओं में छप चुकी हैं। वर्तमान में वे *लाइफ एंड लीजेंड्स* की प्रमुख संपादिका हैं। कार्यक्रम का संचालन हिंदी संपादक अनुपम तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मंगलेश डबराल, कुलदीप कुमार, चंद्रमोहन, अपूर्व नारायण सहित हिंदी और अंग्रेजी के कई महत्त्वपूर्ण कवि, रचनाकार तथा साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

(के.श्रीनिवासराव)

प्रवासी मंच
PRAVASI MANCH

PRAVAS

प्रवासी मंच
PRAVASI MANCH

प्रवासी मंच
PRAVASI MANCH